**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com
COMFED

शादुसं:स्था0: 4779

दिनांक– 20/11/25

## जॉब कॉन्ट्रेक्ट ऑन पीस रेट बेसिस पर श्रमिक संवेदक चयन हेतु
## निविदा सूचना

शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 की इकाई–आरा डेयरी, आरा में विभिन्न कार्यों को **"Job Contract On Piece Rate Basis"** पर संपादन के लिए वैद्य लेबर लाइसेन्स **Bihar Shops & Establishment Act. 1953** के तहत निबंधित, सी0पी0एफ0 तथा ई0एस0आई0 संख्या/कोड आवंटित संवेदकों से दिनांक **11.12.2025** के 05:00 बजे अपराहन तक गुणवता और लागत आधारित चयन (Quality and Cost based selection, QCBS) प्रणाली के तहत सील बन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

कार्यों का ब्यौरा तथा अन्य विवरणी हेतु निविदा प्रपत्र 500/– (पाँच सौ) रू0+18% GST अतिरिक्त नगद भुगतान कर दिनांक **21.11.2025** से दिनांक **10.12.2025** के बीच किसी भी कार्य दिवस को 3.00 बजे अपराहन तक आरा डेयरी के रोकड़ शाखा से अथवा हमारी वेब साईट www. smusudhaara.com/ www.sudha.coop पर प्राप्त किया जा सकता है। वेब साईट से प्राप्त निविदा प्रपत्र के साथ 590/– रू0 का डिमाण्ड ड्राफ्ट लगाना अनिवार्य होगा। अग्रधन एवं निविदा प्रपत्र की राशि के रूप में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो **"शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0"** के पक्ष में आरा में भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ कूरियर अथवा निबंधित डाक के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को भेजा जा सकता है। निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक **11.12,2025** अपराहन 5.00 बजे तक निर्धारित है। ससमय प्राप्त निविदाओं को दिनांक **12.12.2025** के पूर्वाहन 11.00 बजे खोला जायेगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्राप्त किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

20/11/25
**प्रबंध निदेशक**
Ajay Kumar

प्रति0:–महाप्रबंधक, कॉम्फेड, पटना–सादर सूचनार्थ।
:–प्रबंधक (लेखा), कॉम्फेड, पटना–अनुरोध है कि कृपया निविदा प्रपत्र कॉम्फेड के वेबसाईट पर प्रदर्शित करना चाहेगें।
:–प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यपालक– कॉम्फेड से सम्बद्ध सभी दुग्ध संघ/कॉम्फेड की सभी इकाई/परियोजना।
:–सूचनापट्ट–शादुसं/आर.डी.पी., डेहरी–ऑन–सोन/कैमूर डेयरी, मोहनियाँ/पशु आहार संयंत्र, बिहियाँ/दुग्ध शीतक केन्द्र, कोचस एवं डुमराँव।

**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com

COMFED

## निविदा प्रपत्र का पृष्ठ


| | | |
|---|---|---|
| 1. निविदा सूचना | – | 1 पृष्ठ में |
| 2. निविदा का समय सारणी | – | 1 पृष्ठ में |
| 3. निविदा की शर्ते | – | 3 पृष्ठ में–परिशिष्ट ''क'' |
| 4. कार्यो का विस्तृत विवरणी | – | 1 पृष्ठ में–परिशिष्ट 'ख'' |
| 5. चयन की प्रक्रिया | – | 2 पृष्ठ में |
| 6. तकनीकि निविदा प्रपत्र | – | 2 पृष्ठ में |
| 7. वित्तीय निविदा प्रपत्र | – | 2 पृष्ठ में |
| 8. एकरारनामा प्रारूप | – | 4 पृष्ठ में–परिशिष्ट ''ग'' |

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com
COMFED

## निविदा का समय–सारिणी

| क्रमांक संख्या | विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 20.11.2025 |
| 2. | निविदा प्रपत्र की बिक्री आरम्भ की तिथि | दिनांक 21.11.2025 |
| 3 | निविदा प्रपत्र की बिक्री अंतिम तिथि | दिनांक 10.12.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | निविदा प्रपत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि | दिनांक 11.12.2025 को 5.00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खुलने की तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 12.12.2025, आरा डेयरी सभागार, पूर्वाहन 11.00 बजे |
| 6 | निविदा भेजने का पता | प्रबंध निदेशक, शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा डेयरी, कतीरा, आरा–802301 |
| 7 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू0 500 GST अतिरिक्त (वापसी योग्य नहीं) |
| 8 | अग्रधन की राशि | रू0 50,000/– |

COMFED

**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com

परिशिष्ट ''क''

## निविदा की शर्ते

1. संवेदक का निम्न संस्थाओं से निबंधन होना वांछनीय है–
   (a) Contract Labour Regulation & Act 1971 के तहत रजिस्ट्रेशन
   (b) Bihar Shops & Establishment Act. 1953 के तहत रजिस्ट्रेशन
   (c) सी0पी0एफ0 रजिस्ट्रेशन
   (d) ई0एस0आई0 रजिस्ट्रेशन

निविदादाता को कार्य आवंटन के 15 दिनों के भीतर डेयरी के लिए श्रमिकों की आपूर्ति हेतु श्रम विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना तथा उपरोक्त वर्णित वांछनीय रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसमें विफल होने पर कार्य आवंटन स्वतः समाप्त हो जाएगा।

2. निविदा देने के पूर्व, निविदाआता द्वारा कार्य की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी किसी भी कार्य–दिवस में 11.00 बजे पूर्वाहन से 3.00 बजे अपराहन के बीच देखी/समझी जा सकती है।

3. संवदेक को अपनी वितीय स्थिति की सुदृढता के पक्ष में अपने बैंक पासबुक पिछले 6 माह का ब्यौरा भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4. यदि निविदाकर्ता के रिश्तेदार इस संस्था में कार्यरत है तो उन्हें संघ में काम करने के लिए निविदा जमा करने की अनुमति नहीं है।

5. जॉब कॉन्ट्रेक्ट एवं पीस दर पर किये जाने वाले कार्यो में सिर्फ अकुशल श्रेणी के मजदूर लगाए जाने है। अतः संवेदक अपने दर में श्रम कानून के अधीन अद्यतन न्यूनतम मजदूरी, महंगाई भता, बोनस, सी0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 एवं नियोक्ता अंशदान वर्दी, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, अवकाश संवेदक कमीशन एवं अन्य वैद्यानिक खर्च शामिल करेगें। यदि कॉन्ट्रेक्ट अवधि में सरकार द्वारा इन वैधानिक देयताओं में कोई परिवर्तन किया जाता है तो संवेदक को तदनुसार उसका भुगतान प्रभावी तिथि से करना अनिवार्य होगा तथा संघ द्वारा भी पीस रेट में तदनुसार परिवर्तन किया जायेगा।

6. निविदा स्वीकार किये जाने पर संबंधित संवेदक को 15 दिनों के अंदन योजना के साथ 1000 रूपये मूल्य के ननजुडिशियल स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा करना होगा, जिसमें सभी शर्ते विस्तारपूर्वक वर्णित होगी। एकरारनामा का प्रारूप संलग्न है जिसे सहमतिस्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर तकनिकी निविदा के साथ जमा करेगें।

7. जॉब कॉन्ट्रेक्ट एवं पीस रेट पर आवंटित कार्यो की अवधी एक वर्ष की होगी। आपसी सहमति से यह अवधि पूर्व निर्धारित दर/शर्तो पर एक साल तक और बढ़ायी जा सकती है। कोई भी पक्ष 30 दिनों का नोटिस देकर एकरारनामा समाप्त कर सकता है। परन्तु यदि संस्था हित को देखते हुए संघ को यह आदेश तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का अधिकार होगा। अनिवार्य होने पर कार्य अवधि समाप्ति के पश्चात् अधिकतम तीन माह तक पूर्व निर्धारित दर/शर्तो पर कार्य करने का आदेश संवेदक को दिया जा सकता है, जो संवेदक को मानना आवश्यक होगा।

8. निविदा के साथ रू0 50000/–(पचास हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट (शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 के नाम आरा में भुगतेय होगा) अग्रधन के रूप में तकनीकी निविदा के साथ जमा करनी होगी। असफल निविदादाता को निविदा के साथ जाम किए गए अग्रधन राशि वापस लौटा दिया जाएगा, परन्तु सफल निविदादाता की अग्रधन राशि जमानत राशि के विरूद्ध समायोजित कर ली जाएगी। अग्रधन/जमानत की राशि पर कोई ब्याज देय नहीं

9. **"Job Contract On Piece Rate Basis"** कार्य हेतु सफल निविदादाता को जमानत की राशि के रूप में कुल रू0 1,00000/–(एक लाख रूपये) मात्र का भुगतान करना अनिवार्य होगा। जिसमें से अग्रधन राशि रू0 50,000/–(पचास हजार) रूपये मात्र जमानत राशि के विरूद्ध समायोजित कर ली जाएगी। शेष रू0 50,000/–(पचास हजार) रूपये मात्र बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंक गारेन्टी के रूप में देय होगा।

10. यह निविदा संघ के वेबसाईट से प्राप्त किया गया हो उस स्थिति में निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य की राशि रू0 590 (पाँच सौ नब्बे) कर सहित का एक अतिरिक्त बैंक ड्राफ्ट जमा करना अनिर्वाय होगा।

12. जमानत की राशि कार्य समाप्ति के पश्चात् सभी संबंधित से बकाया नहीं प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात् ही लौटाई जाएगी।

13. श्रम नियमों के अनुसार दी जाने वाली मजदूरी का भुगतान संवेदक के द्वारा मजदूर के बैंक खाते में प्रत्येक महीने की 7–10 तारीख के अन्दर किया जाएगा एवं भुगतान करने के पश्चात् अपना विपत्र आरा डेयरी में समर्पित करेगें। मजदूरों को देय बोनस की राशि संवेदक के मासिक विपत्र से कटौती कर संस्था में रखी जायेगी तथा तथा समय (सामान्यतः दुर्गापूजा के अवसर पर) संवेदक द्वारा मजदूरों को बोनस राशि का भुगतान की गणना प्रस्तुत करने पर भुगतान हेतु विमुक्त की जाएगी।

14. संवेदक प्रत्येक महीने की पाँच तारीख तक पिछले महीने का विपत्र मजदूरों की हाजरी एवं विगत माह में मजदूरों को किये गये भुगतान, सी0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 आदि में जमा किये गये रकम का साक्ष्य सहित योजना में जमा करेगें। विपत्र के साथ मजदूरी/बोनस/अन्य सभी देयता भुगतान पंजी, सी0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 अंशदान जमा करने संबंधी चालान आदि की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। मजदूरों को देय भुगतान से संबंधित किसी प्रकार के असमंजसता की स्थिति में संवेदक की जमानत राशि से योजना द्वारा इसका भुगतान कर दिया जाएगा तत्पश्चात् निविदा समाप्त की जा सकती है।

15. संवेदक द्वारा रखे गये श्रमिकों के साथ डेयरी प्रागण तथा बाहर कार्य के दौरान अथवा बाद में हुई घटना/दुर्घटना से हुई क्षति के लिए संवेदक पूर्ण रूपेण जिम्मेदार होगें। मजदूरों को विश्राम, कार्य की अवधि, ईलाज, अवकाश की सुविधाएँ श्रम नियमों के अनुसार संवेदक द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

16. आवंटित कार्य हेतु लगाये जाने वाले मजदूर स्वस्थ्य, व्यस्क, व्यवहारकुशल तथा ईमानदार होना चाहिए।

17 मजदूरों को आवश्यक पोशाक एवं व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण संवेदक द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

18. कच्चे माल, पैकिंग मेटेरियल, उपकरण विद्युत धारा, पानी, मशीन, सफाई हेतु आवश्यक डिटरजेंट उपकरण सामग्रियाँ संघ द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

19. आवंटित कार्य को बतायी गई मात्रा, समय सीमा पर तथा वांछित गुणवत्ता के साथ पूरा करने/कराने की पूरी जिम्मेवारी संवेदक की होगी। आवंटित कार्यो को निर्देशानुसार पूरा करने में असफल होने, कार्य की गुणवत्ता तथा मात्रा में त्रुटि/कमी, सामग्रियों या उपकरणों का नुकसान, कार्य में विलम्ब अथवा मजदूरों के चोरी में प्रत्यक्ष/परोक्ष संलिप्तता में संघ को हुई वास्तविक क्षति का पाँच गुणा आर्थिक जुर्माना संवेदक के विपत्र/जमानत राशि से वसूलनीय होगा। कार्य गुणवता की जाँच संघ द्वारा समय समय पर अपने अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

20. जॉब कन्ट्रैक्ट के आधार पर संवेदक अपने किसी मजदूर को योजना में नियोजन का प्रलोंभन अथवा अश्वासन

**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com
COMFED

21. संवेदक श्रमिक द्वारा डेयरी परिसर में प्रविष्टि के लिए एक पहचान पत्र निर्गत करेगें एवं श्रमिक डेयरी परिसर में आने एवं जाने के समय अपना हस्ताक्षर प्रविष्टि पंजी में करेगें।

22. संवेदक द्वारा कार्य पर लगाये जाने वाले श्रमिकों का पूरा पता (स्थायी एवं वर्तमान) लिखित रूप से संघ कार्यालय में देना होगा। कोई भी श्रमिक अपराधिक चरित्र का नहीं होना चाहिए। इसकी पूरी जिम्मेवारी संवेदक की होगी।

23. अनुबंध के अधीन विषयवस्तु से उत्पन्न किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रबंध निदेशक, शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा या उनके द्वारा नियुक्त अन्य अधिकारी आर्विट्रेटर होगें, जिसका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। अर्विटेशन का स्थान आरा होगा परन्तु प्रबंध निदेशक अगर चाहे तो परिवर्तन भी किया जा सकेगा।

24. अनुबंध के अधीन उठने वाले विवाद की स्थिति में कानूनी क्षेत्राधिकार आरा न्यायालय होगा।

25. अगर संवेदक एकरारनामा में निहित शर्तों के अधीन कार्य करने में विफल रहते है अथवा पाये जाते है तो उन्हें इस आशय की सूचना देते हुए अपने कार्यकलाप में सुधार लाने हेतु 15 दिनों का समय दिया जाएगा परन्तु अगर फिर भी उनके कार्यकलाप से मुख्य कार्यपालक संतुष्ट नहीं होते है और संवेदक एकरारनामा के शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाये जाते है तो ऐसी स्थिति में प्रबंध निदेशक एकरारनामा को रद्द करते हुए निर्धारित प्रकिया के तहत दूसरे संवेदक नियुक्त करने का अधिकार होगा।

26 प्रबंध निदेशक, शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा को पूरा अधिकार होगा कि एकरारनामा का उल्लंधन करते पाये जाने वाले संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उनसे पूर्ण हर्जाना वसूल करे और उनके द्वारा जमा जमानत की राशि जब्त कर लें।

27. मजदूर को अपने कार्य स्थल एवं संयंत्र की सफाई करनी होगी।

28. निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदा तथा अग्रधन राशि रहित निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

29. शर्तें की सभी पृष्ठों पर शर्तो की सहमतिस्वरूप हस्ताक्षरित प्रति तकनीकि निविदा के साथ जमा करेगें।

20/11/25
**प्रबंध निदेशक**

Ajay Kumar

उपरोक्त शर्तें मुझे मान्य है।

निविदादाता का हस्ताक्षर

**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com
COMFED

## चयन की प्रक्रिया

निविदादाता के द्वारा निविदा के शर्ते के अनुरूप निविदा जमा करने के पश्चात सभी प्राप्त निविदा को न्यूनतम आवश्यक योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा, जो निम्न हैः–

(क) निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट मूलप्रति।
(ख) निविदा प्रपत्र के अनुसार अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट।

निविदादाताओं को उनके तकनिकी योग्यता के आधार पर निम्न अनुसार कुल अधिकतम प्राप्तांक 100 में से उनकी योग्यता के अनुसार अंक प्रदान किये जायेगें।

| QCBS पद्धति के तहत एजेंसी के लिए तकनीकी बोली के लिए अंकों की गणना | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदादाता की फर्म का स्वरूप अधिकतम अंक–10 | एकल स्वामित्व फर्म | 0 अंक |
| | | पार्टनरशीप फर्म | 5 अंक |
| | | पंजीकृत कंपनी (निगमन प्रमाणपत्रधारी) | 10 अंक |
| 2. | निविदादाता की फर्म का स्थापना वर्ष अधिकतम अंक–10 | 3 वर्ष से कम | 0 अंक |
| | | 3 वर्ष से 6 वर्ष तक | 5 अंक |
| | | 6 वर्ष से अधिक | 10 अंक |
| 3. | टर्नओभर अधिकतम अंक–20 | वार्षिक रूपये एक करोड से कम | 0 अंक |
| | | वार्षिक रूपये एक करोड से 10 करोड़ तक | 10 अंक |
| | | वार्षिक रूपय 10 करोड़ से उपर | 20 अंक |
| 4 | वर्तमान में कार्यरत श्रमिक की संख्या अधिकतम अंक–20 (साक्ष्य हेतु सी0पी0एफ0 | 100 श्रमिक से कम | 0 अंक |
| | | 100 श्रमिक से 200 श्रमिक तक | 10 अंक |
| | | 200 श्रमिक से अधिक | 20 अंक |
| 5 | कार्य अनुभव का अधिकतम अंक– 20 | अन्य संस्थान में 3 वर्ष से कम का कार्य अनुभव | 5 अंक |
| | | अन्य संस्थान में 3 वर्ष से ज्यादा का कार्य अनुभव | 10 अंक |
| | | कॉम्फेड से सम्बद्ध दुग्ध संघ/इकाई में 3 वर्ष से कम का कार्य अनुभव | 10 अंक |
| | | कॉम्फेड से सम्बद्ध दुग्ध संघ/इकाई में 3 वर्ष से ज्यादा का कार्य अनुभव | 20 अंक |
| 6 | निविदादाता का साक्षात्कार | *** | 20 अंक |
| 7 | अंको का कुल योग्य | *** | 100 अंक |

सभी निविदादाता के द्वारा 10 मिनट का प्रेजेन्टेशन दिया जाएगा, जिसमें वे अपनी संस्था के बारे में जानकारी देगें तथा आरा डेयरी में इस निविदा के आलोक में किस तरह से कार्य करेगें। इस पर पुरी जानकारी देगें तथा निविदा हेतु आवश्यक सभी कागजात, अनुभव आदि की जानकारी देगें। साक्षात्कार के आधार पर समिति के द्वारा अंक प्रदान किया जाएगा।

तकनीकी बोली और वितीय बोली में आवंटित कुल अंक 100–100 होगें। गुणवत्ता और लागत के लिए संयुक्त भारित स्कोर के मूल्यांकन हेतु तकनीकी बोली और वित्तीय बोली के लिए भार (Weightage) क्रमशः 50% और 50% होगा।

<u>वित्तीय प्रस्तावों का मूल्यांकन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है–</u>

वित्तीय प्रस्तावों में सबसे कम उद्धृत दर (LP) वाले दर प्रस्ताव को 100 का वित्तीय स्कोर दिया जाएगा और अन्य दर प्रस्तावों को उनके उद्धृत दर (QP) के विपरीत आनुपातिक वित्तीय स्कोर दिए जायेगें। जिसकी गणना निम्न सूत्र के अनुसार की जाएगी।

**फॅर्म का वित्तीय स्कोर =100X(LP/QP)**

जहां, LP= सबसे कम उद्धृत दर (Lowest quoted total Price) और
QP=फर्म का उद्धृत कुल दर (Quoted total Price of Firm)

<u>कुल स्कोर की गणना निम्न सूत्र के अनुसार की जायेगी–</u>

**कुल स्कोर = तकनीकी प्रस्ताव का स्कोर x 0.50 + फर्म का वित्तीय स्कोर x 0.50**

गुणवत्ता और लागत के मूल्यांकन में उच्चतम कुल संयुक्त स्कोर प्राप्त करने वाले प्रस्ताव को प्रथम स्थान दिया जाएगा, उसके बाद कम अंक प्राप्त करने वाले प्रस्तावों को क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवे आदि स्थानों पर रखा जाएगा। यदि आवश्यक हो तो संघ उच्चतम संयुक्त अंक प्राप्त करने वाले और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रस्तावक को दरवार्ता के लिए आमंत्रित करेगा, और दरवार्ता के उपरांत कार्यादेश प्रदान करने के लिए अनुशंसित किया जाएगा।

आरा डेयरी की आवश्यकता को देखते हुए उपरोक्त कार्य एक निविदादाता अथवा एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आवंटित किया जा सकता है। अगर कार्य आवंटित निविदादाता कार्य कराने में असमर्थ हो और दूसरे निविदादाता निविदा प्रकिया में प्राप्त न्यूनतम दर पर कार्य करने को तैयार हो। इस विषय में संघ का निर्णय अंतिम एवं सभी को मान्य होगा।

20/11/25
प्रबंध निदेशक

Ajay Kumar

COMFED

# Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited

Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)

Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com

परिशिष्ट "ख"

## कार्य ब्यौरा विवरण

| | |
|---|---|
| **1. दूध पैकिंग से संबंधी सभी अकुशल कार्य** | |
| अनुमानित दैनिक कार्य मात्रा–7000 क्रेट प्रतिदिन (आवश्यतानुसार उत्पादन में कमी/वृद्धि हो सकती है) | |
| क्रमांक | विवरणी |
| क | विपणन गाड़ी से क्रेटों को सही रस्थान पर डॉक पर उतारना एवं गिनती करने में प्लान्ट/सुरक्षा कर्मी को सहयोग करना। यदि डॉक पर स्थान न हो तो हार्ड पार्क पर उतारे क्रेट को डॉक पर चढ़ाना। |
| ख | क्रेट की सफाई करना। |
| ग | साफ क्रेटों को दूध पैकिंग मशीन तक पहुँचाना। |
| घ | क्रेट मे दूध पाउच रखना, समान्यतः 500 एम0एल0, 01 लीटर 200 एम0एल0 एवं 6 लीटर में दूध पैकिंग होगा। |
| ङ. | कोल्ड स्टोर में भंडारण करना। |
| च | लिकेज पाउच की कटाई करना। |
| छ | पैकिंग संबंधी पाईप लाईन, पैकिंग मशीन एवं कार्य स्थल की सफाई, क्रेट कन्वेयर एवं वासर की सफाई (अन्दर–बाहर) करना। शीतघर डिस्पैच डॉक एवं क्रेट धोने वाले क्षेत्र का प्लोर एवं दिवाल (अमूल ट्रेप सहित) दिन में कम से कम दो बार मैनुअल सफाई करना एवं पानी कछना। दूध पाईप लाईन को खोलकर सप्ताह में कम से कम दो बार मैनुअल सफाई करना। पैकिंग मशीन, पैकिंग हॉल तथा अन्य ट्रे इत्यादि को कार्य के दौरान पूर्णतः साफ एवं सुखा रखना होगा। |
| ज | भंडार से आवश्यकतानुसार मिल्क पॉलीथीन फिल्म निकालकर पैकिंग शाखा के भंडार में रखना। |
| झ | आवश्यकतानुसार भंडार से क्रेट निकालकर पैकिंग शाखा में कार्यस्थल तक लाना एवं अतिरिक्त क्रेट को भंडार तक पहुँचाना। इसके लिए गाड़ी की व्यवस्था डेयरी द्वारा की जाएगी। संवेदक को भंडार से निकालकर क्रेट गाड़ी में चढाना होगा एवं डॉक/भंडार में गाड़ी से उतार कर रखना होगा। |
| ञ | सुबह आपूर्ति एवं संध्या आपूर्ति के उपरांत डिस्पैच एरिया एवं कोल्ड स्टोर की सफाई करना। |
| ट | टूटे क्रेट को छॉटकर स्कैप यार्ड में पहुँचाना। |
| ठ | सभी पैकिंग मशीन एवं क्रेट वासर के बाहरी सतह की सफाई प्रतिदिन करना। |
| ड | प्रतिदिन अत्यधिक गंदे क्रेट को छॉट कर उसे मैनुअल सफाई करवाना (कुल क्रेट कर लगभग 5 प्रतिशत मैनुअल सफाई, क्रेट वासर से सफाई की स्थिति में)। |
| ढ | दूध डिस्पैच के दौरान एवं बाद में लिकेज दूध तथा अच्छा पाउच को छाँटकर अलग–अलग क्रेट में रखना। डिस्पैच के पश्चात् शेष दूध को लिकेज दूध एवं पाउच में छाँटकर शेष दूध की मात्रा गणना करना एवं शेष दूध तथा पाउच को यथा स्थान रखना। |
| ण | क्रेट सफाई दूध पैकिंग के दौरान जाम किए कचरा, कटा/फटा दूध फिल्म, फिल्म कार्टून, कोर रोल इत्यादि को कैम्पस के अन्दर निर्धारित यथा स्थान पर फेंकवाना। |
| त | दूध पैकिंग से संबंधित अन्य सभी कुशल कार्य। |
| थ | कार्य हेतु सभी सामग्रियाँ (जिसका उल्लेख न किया गया हो छोड़कर) डेयरी द्वारा आपूर्ति की जाएगी। |
| **2. डेयरी परिसर की सड़क, कार्यालय के सभी कक्ष एवं वाशरूम तथा अतिथि गृह की प्रतिदिन साफ–सफाई कार्य** | |
| क | मुख्य द्वारा से लेकर सिक्यूरिटी बैरक तक झाडू लगाकर कचरा नियत स्थान पर फेकना। |
| ख | कार्यालय के सभी शाखाओं के कक्ष एवं समीपवर्ती क्षेत्र में झाडू लगाकर कचरा नियत स्थान पर फेकना। |
| ग | डेयरी परिसर में अवस्थित सभी वाशरूम की सफाई का कार्य करना। |
| घ | ई0टी0पी0 से निकलने वाले ठोस कचरे को निर्देशित स्थान पर फेंकना। |
| ङ. | डेयरी परिसर के अन्दर की सभी नालियों की सफाई एवं आवश्यकता पड़ने पर डेयरी के बाहर की नालियों की सफाई। |
| च | अतिथि गृह में झाडू लगाकर पोछा लगाना। |

**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com

COMFED

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

01 निविदादाता / संस्थान का नाम :

02 पत्राचार का पता :

03 फोन / मोबाईल नं0

04 ई–मेल :

05 पैन कार्ड :
(स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे)

06 व्यक्गित पहचान पत्र :
(स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे)

07 जी0एस0टी रजिस्ट्रेशन सं0 :
(स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे)

08 श्रम विभाग द्वारा लेबर आपूर्ति हेतु निर्गत अनुज्ञप्ति संख्या :
(स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे)

09 सी0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 निबंधन संख्या :
(स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे)

10 बिहार दुकान एवं प्रतिष्ठान के अधिनियम में निबंधन संख्या :
(स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे)

11 कार्य अनुभव का विवरण (कॉम्फेड के ईकाइयों / सम्बद्ध संघो अथवा अन्य संस्थाओं में प्राप्त कार्य अनुभव से संबंधित कार्यादेश (स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे):

12 संवेदक का शपथ पत्र की पूर्व में किसी भी सरकारी विभाग, निगम बोर्ड अथवा संस्था के द्वारा उन्हें काली सूची में नहीं डाला गया है। अगर कही से उन्हें पूर्व में शो–कॉज किया गया हो तो उसका उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा।

13 निविदाकर्ता की स्वघोषणा की उनके रिश्तेदार इस संस्था में कार्यरत नहीं है।

14 निविदादाता की फर्म का स्वरूप एवं स्थापना वर्ष से संबधित दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न।

15 वर्तमान में कार्यरत श्रमिकों की संख्या के साक्ष्य हेतु सी0पीएफ0 विवरणी संलग्न करे।

16 वार्षिक टर्न ओभर (विगत तीन वर्षों का अंकेक्षित बैलेंस शीट, लाभ और हानि खाता एवं आयकर रिटर्न) की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न करे।

17 विगत छः माह में किसी भी दिन का बैंक खाता का अधिकतम बैलेंस :
(बैंक स्टेटमेन्ट का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करे)

# Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited

Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)

Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com

COMFED


18 निविदा प्रपत्र क्रय करने का मनी रसीद सं0 एवं तिथि :
(निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया गया है तो डी0डी0 संख्या एवं तिथि लिखे तथा मनी रसीद की प्रति अथवा डी0डी0 मूलरूप में संलग्न करे)।

19 अग्रधन राशि का डी0डी0 सं0 एवं तिथि :
(डी0डी0 मूल रूप में संलग्न करें)

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर

नोटः (1) ओवर राईटिंग न की जाए। कटिंग के स्थान पर हस्ताक्षर किया जाय।

(2) सभी पृष्ठों को हस्ताक्षरित किया जाय।

(3) तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट/मनी रिसीप्ट संलग्न कर एक छोटे लिफाफा में डालकर मुहरबंद करे। लिफाफा के उपर तकनीकी निविदा अंकित किया जाय।

COMFED

**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com

## वित्तीय निविदा (दर-प्रपत्र)

निविदादाता का नाम.............................................................

| क्रमांक | कार्य विवरण | अनुमानित दैनिक कार्य मात्रा | दर अंक एवं शब्दों में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | दूध पैकिंग से संबंधी सभी अकुशल कार्य | 7000 क्रेट प्रतिदिन (आवश्यतानुसार उत्पादन में कमी/वृद्धि हो सकती है) | प्रति क्रेट<br>रू0...............<br>पैसा.............<br>शब्दों में | दर की गणना प्रस्तुत करे। |
| 02 | डेयरी परिसर की सफाई का कार्य | | प्रति क्रेट<br>रू0...............<br>पैसा.............<br>शब्दों में | दर की गणना प्रस्तुत करे। |

## दर गणना

| क्रमांक | विवरण | दूध पैकिंग से संबंधी कार्यों हेतु दर | डेयरी परिसर की सफाई का कार्य |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन की तिथि को लागू न्यूनतम मजदूरी | | |
| 2 | ई0पी0एफ0 अंशदान तथा एडमिनिस्ट्रेटिव चार्ज @13% | | |
| 3 | ई0एस0आई0 अंशदान @3.25% | | |
| 4 | बोनस @8.33% | | |
| 5 | अवकाश वेतन | | |
| 6 | वर्ष में एक बार पोशाक (Dress) तथा कारखाना नियमावली–1950 के नियम 55A के आलोक में व्यक्तिगत सुरक्षा उपरकरण देने हेतु | | |
| 7 | संवदेक कमीशन | | |
| 8 | योग | | |
| 9 | कार्य सम्पादन हेतु अनुमानित श्रमिकों की संख्या | | |
| 10 | कुल उद्धत दर (क्रमांक 8X9) | | |
| 11 | प्रति क्रेट दर (क्रमांक 10÷7000) | | *** |
| 12 | जी0एस0टी0 | | |
| 13 | कुल देय राशि | | |

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर

**Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited**
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com
COMFED

नोटः–

वित्तीय निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरकर दूसरे छोटे लिफाफा में डालकर मुहरबंद करें, तत्पश्चात तकनीकी निविदा वाले लिफाफा को वित्तीय निविदा वाले लिफाफा के साथ एक बड़े लिफाफा में रखकर मुहरबंद कर भेजा जाय, जिसके उपर श्रमिक संवेदक चयन हेतु निविदा लिखा रहे।

1 डेयरी सभी कार्य किसी एक अथवा एक से अधिक संवेदकों को आवंटित कर सकती है।

2 निविदा प्रकाशन की तिथि को लागू श्रम कानून के अद्यतन अधिनियम एवं संबंधित नियम के आधार पर श्रमिकों के न्यूनतम मजदूरी एवं परिवर्तनशीन महँगाई भता के आधार पर दर प्रस्तुत करें।

3. कार्यो की विस्तृत विवरणी परिशिष्ट ''ख'' निविदा शर्ते परिशिष्ट ''क'' एवं एकरारनामा की शर्तें परिश्ष्टि ''ग''का अध्ययन कर उनके अनुरूप दर भरें।

4. क्रमांक 01 का कार्य **"Job Contract On Piece Rate Basis"** पर आवंटित किया जाएगा। अतः संवेदक **Piece Rate** के आधार पर दर एवं दर की गणना भी देंगे, जिसमें अकुशल मजदूर का मजदूरी, महँगाई भत्ता, बोनस, सी0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 (नियोक्ता के अंशदान सहित), वर्दी, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, अवकाश, संवेदक का कमीशन एवं अन्य सभी वैद्यानिक खर्च के साथ सम्मिलित होगा। अतः इन मदों में कोई भी भुगतान अलग से नहीं किया जाएगा।

5. वित्त विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या–एम–4–06/2023–2988 दिनांक 23.03.2023 द्वारा संवेदक कमीशन/सेवा शुल्क न्यूनतम 3.85 प्रतिशत (3 प्रतिशत लाभ एवं 0.85 प्रतिशत संव्यवहार शुल्क) तथा अधितकतम 7 प्रतिशत (संव्यवहार शुल्क सहित) निर्धारित किया गया है। उक्त निर्धारित सेवा शुल्क की अधिसीमा से न्यून अथवा उच्च दर अंकित करने वाले निविदादाता की निविदा की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt. Bhojpur, Ara–802301, (Bihar)
Web:-www.smusudhaara.com, Email:-aradairyara@gmail.com

COMFED

# चेक लिस्ट

**निविदादाता, निविदा प्रपत्र जमा करने से पूर्व चेक लिस्ट के अनुसार सभी कागजात संलग्न करना सुनिश्चित कर लें।**

| क्रमांक | विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | यथा स्थान फोटो चिपकाया गया है | हाँ/नहीं |
| 2 | अग्रधन एवं निविदा प्रपत्र की राशि क्रमशः रू0 50000/–एवं रू0 590/–के भुगतान का प्रमाण तकनीकी निविदा के साथ लिफाफे में रखा गया है। | हाँ/नहीं |
| 3 | निविदा प्रपत्र के पृष्ठों पर हस्ताक्षरित कर संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 4 | दिये गये दर की गणना तालिका वितीय निविदा में संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 5 | व्यक्गित पहचान पत्र का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 6 | पैन/जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 7 | कार्य अनुभव का विवरण (कॉम्फेड के ईकाइयों/सम्बद्ध संघो अथवा अन्य संस्थाओं में प्राप्त कार्य अनुभव से संबंधित कार्यादेश की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 8 | एक सौ रूपये मूल्य के ननजुडिशियल स्टाम्प पेपर पर संवेदक के शपथ पत्र की मूल प्रति संलग्न, की पूर्व में किसी भी सरकारी विभाग, निगम बोर्ड अथवा संस्था के द्वारा इनहें काली सूची में नहीं डाला गया है। | हाँ/नहीं |
| 9 | निविदाकर्ता की स्वंघोषणा की उनके रिश्तेदार इस संस्था में कार्यरत नहीं है। | हाँ/नहीं |
| 10 | निविदादाता की फर्म का स्वरूप से संबंधित यथा पार्टनरशीप/MOU/Registration of Incorporation दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 11 | निविदादाता की फर्म की स्थापना वर्ष से संबधित दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 12 | वर्तमान में कार्यरत श्रमिकों की संख्या के साक्ष्य हेतु सी0पीएफ0 विवरणी संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 13 | कार्यो की विस्तृत विवरणी परिशिष्ट 'ख' की सहमतिस्वरूप सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 14 | टर्नओभर की संपुष्टि हेतु विगत तीन वर्षो का अंकेक्षित बैलेंस शीट, लाभ और हानि खाता एवं आयकार रिटर्न की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न। | हाँ/नहीं |
| 15 | विगत छः माह में किसी भी दिन का बैंक खाता का अधिकतम बैलेंस की सपुष्टि हेतु बैंक स्टेटमेंट का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न। | हाँ/नहीं |

**नोटः–** तकनीकी निविदा से संबंधित उपरोक्त वर्णित दस्तावेज को एक लिफाफे में रखकर बंद करे एवं लिफाफे के उपर तकनीकि निविदा लिखे। वित्तीय निविदा को दूसरे लिफाफे में रखकर बंद करे एवं लिफाफे के उपर वित्तीय निविदा लिखें। तत्पश्चात् दोनों लिफाफा को एक बड़े लिफाफे में रखकर बंद करे तथा लिफाफे के उपर निविदा संख्या एवं भेजने वाले का नाम एवं पूरा पता लिखकर निविदा समर्पित करें।

Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Limited
Ara Dairy, Katira, Distt.: Bhojpur, Ara – 802301, (Bihar)
Web :- www.smusudhaara.com, Email:- aradairyara@gmail.com

परिशिष्ट "ग"

## PROFORMA FOR AGREEMENT FOR WORK ON JOB CONTRACT

THIS AGREEMENT is made on this ............................day of ....................BETWEEN M/s. Shahbad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Ltd. Ara (hereinafter referred to as Dairy), of the one part and M/s.......................... (hereinafter referred to as contractor), which expression shall, unless repugnant to the context or meaning thereof, include their successors and assigns of the other part.

WHEREAS the Dairy is on the lookout for performance of certain jobs by engaging the services of an outside agency on 'Job Contract basis' (hereinafter referred to as JCB), the Contractor referred to above is agreeable to undertake these work assignments to the best satisfactory of the Dairy subject to the terms and conditions as detailed hereunder:

NOW, THEREFORE. THIS AGREEMENT WITNESSETH AS FOLLOWS:

1. DETAILS OF WORK PREMISES WHERE SERVICES ARE TO BE RENDERED - SCOPE AND COVERAGE.

(i) The services of the Contractor shall be rendered on JCB at the Dairy's Premises located at Gamharia.

(ii) In addition, if required by the Dairy, the services of the Contractor's workforce shall also be available in any other location/work premises of the Dairy for performance of the services agreed to under this Agreement.

(iii) The services to be rendered by the Contractor shall include works/assignments offered to him by the Dairy vide its order no................dt..................

2. DEPLOYMENT OF PERSONNEL ON JOB CONTRACT BASIS

The Contractor shall, during the validity of this Agreement, engage adequate number of persons (medically fit) to fulfil the assigned services on JCB. In the case of absence, leave, etc. of any of the workforce deployed, the Contractor shall engage substitutes for satisfactory performance of the assigned services/jobs.

3. DUTIES AND LIABILITIES OF THE CONTRACTOR TOWARDS HIS WORKFORCE ENGAGED ON JCB

A. The Dairy will have privity of contract with the contractor only and will give instructions to him and will have nothing to do or be concerned with the conditions of employment of workers working for the contractors

B. The contractor will get himself registered or covered under appropriate Act (s) and shall also obtain necessary licence(s) required under Contract Labour (Regulation & Abolition Act or any other Act/Law in force.

C. The Contractor shall ensure proper performance, conduct and behavior of the workforce engaged by him at any on the premises of the Dairy and shall remove with immediate effect, the engagement of such person(s), who does/do not give satisfactory performance, conduct himself/themselves properly or misbehave(s) with the employees/personnel of the Dairy in any place.

D. The Contractor shall ensure that the workforce engaged by him carry with them proper identity cards to be issued by him during the working hours.

E. An attendance register of the Contractor's workforce shall be maintained by its supervisor or any other person as deployed by him.

F. The Contractor shall reduce or increase the workforce as and when the exigencies of the work of the Dairy.

G. The Contractor shall ensure that the payment of wages to the workforce engaged by him is made to them keeping in view statutory provisions with reference to the payment of wages (including provisions of minimum rates of wages fixed by the State Govt. for each category) in the presence of the Dairy's representative latest by 10th day of every following calendar months

H. The Contractor will be liable not only for payment of wages to his employees, but also for the retrenchment compensation, notice pay, gratuity or bonus as payable and the Dairy, as principal employer, shall not be held liable for any obligation of the Contractor.

I. The Dairy shall not, in any manner, be responsible for act, omission or commission of the workers engaged by Contractor and no claim in this respect will lie against the Dairy. However, if any such claim is made against the Dairy by any worker(s) or his heirs engaged by the Contractor. which the Dairy is obliged to discharge by virtue of any statute or any provision of law/rules due to mere fact that the worker(s) of the Contractor was/were working at Dairy Premises of otherwise, the Contractor will be liable to re-imburse the expenses to the Dairy that is incurred by it.

J. The Contractor shall give leave/holidays to his workforce as per the provisions of labour laws applicable in the State.

K. The Contractor shall be held responsible for any damage/loss to the Dairy caused due to the negligence of his workforce and shall compensate to the Dairy adequately against such losses

which will be assessed and determined by the Dairy.

L. The Contractor's workforce shall be liable for security check by the security staff deployed by the Dairy as and when deemed essential. The Contractor will have no right or lien whatsoever upon the premises of the Dairy and the Contractor and his workers will move out of the premises at the instance of the Dairy.

## 4. DUTIES AND LIABILITIES OF THE DAIRY AND THE CONTRACTOR UNDER THIS AGREEMENT.

a) The Dairy shall have no responsibility/liability in respect of the workforce engaged by the Contractor on JCB under this agreement.

b) The Dairy shall, on receipt of bill, pay to the contractor every month, only on the basis of quantity of work done in the preceding month with specified quality.

c) The agreed sum/compensation shall also be liable for deductions which may become due under the relevant clauses of this agreement. Income tax or any other tax/levy/duty etc. as may be due under the relevant Act shall be deducted at source

d) While submitting bills to the Dairy as above. the Contractor shall also render documentary evidence with an undertaking of deposits of Provident Fund/ESI contributions in respect of payment of wages and in respect of the workforce engaged during the period of bill.

e) The Contractor shall duly comply with all Acts, law including Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970 or other statutory rules, regulation, law as applicable or which might be applicable

f) In case, while on duty and during the course of engagement in the work premises of the Dairy under this Agreement, if any of the Contractor's workforce meets with any injury indisposition due to accident or other natural calamities. the contractor shall ensure that immediate and adequate medical aid vix, First-aid and subsequent Treatment facilities are provided to the person(s) concerned free of cost and without fail. In addition, the Contractor shall also be liable for meeting. with statutory liabilities under the ESI/PF of workmen's Compensation Act as detailed above.

g) The Contractor shall indemnify and compensate the Dairy, if the Dairy as Principal Employer under the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 becomes liable to assume any liability towards the workforce engaged by the Contractor. In that event, the provisions relating to recovery as provided in the relevant clauses of the said Act shall be applicable into.

h) The Contractor shall perform the work assignments to the best satisfactory of the Dairy In case of unsatisfactory performance, an intimation will be given in writing to the Contractor and the Dairy reserves the right to cancel the Contract forthwith. In that event the legal payments made to the workforce of the Contractor shall be fully recoverable from the Contractor

## 5. MISCELLANEOUS GENERAL TERMS AND CONDITIONS

A. The agreement comes into force w.e.f. ....................................and shall remain in force for

a period of one year i.e till______________. However, this Agreement shall be liable to termination even before stipulated time period by either party by giving one month's notice in writing. The period of contract may also be extended for a period mutually agreed by both the parties.

B. The terms/conditions of the tender document and work order no. __________dt.__________ which are not common and contrary to the term of this agreement are also part of this agreement and application to the parties.

C. Both the Dairy and Contractor hereby agree that all differences/ Disputes/interpretations arising out of or in connection with this agreement shall be mutually discussed and settled failing which the same shall be referred to the Managing Director, Comfed who will be sole arbitrator. The arbitrator's decision shall be final and binding on both the parties.

D. The Contractor hereby confirms that he shall abide by and is willing to execute the work assignments on JCB strictly in accordance with the terms and conditions of this agreement and the Dairy in turn also agrees to engage the Contractor accordingly with effect from

IN WITNESS thereof both the parties agree to abide by the above terms and conditions.

Signed today, the
For and on behalf of SDUSS Ltd.

Signature of Contractor

WITNESSES: (Enclose photocopy of PAN Card of the Witness)
1.

2.